**Fourteenth Loksabha**

**Session : 4**
**Date : 16-03-2005**

**Participants : Gandhi Shri Pradeep**

>

# Title: Need to enhance allocation of Kerosene quota to the State of Chattisgarh.

**श्री प्रदीप गांधी (राजनंदगांव)** : माननीय अध्यक्ष महोदय, छत्तीसगढ़ राज्य नया प्रदेश बना है। केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ राज्य को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अंतर्गत मिट्टी का तेल आवंटित करती है और राट्रीय औसत प्रति व्यक्ति 0.96 लीटर का आवंटन होता है। चूंकि प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार है इसलिए यूपीए सरकार द्वारा सार्वजनिक वितरण प्रणाली के अन्तर्गत जितना कोटा आवंटित होना चाहिए, उससे कम दिया जा रहा है। मैं निवेदन करना चाहता हूं कि गरीबों को मिलने वाले चावल और मिट्टी के तेल के आवंटन में राज्य सरकारों के साथ सौतेला व्यवहार न किया जाए। इससे जन आक्रोश फैलेगा और यूपीए सरकार कटघरे में खड़ी हो जाएगी। गरीबों को दो रुपए किलो में मिलने वाला चावल और गेहूं तथा मिट्टी का तेल सभी राज्यों को उनकी जनसंख्या के अनुपात में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करना चाहिए।

**अध्यक्ष महोदयः** श्री हरिभाऊ राठौड़ - अनुपस्थित